आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 17.02.2025

मुख्य समाचारः–

1– प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज पहले चरण में राज्य के तिरपन विकासखंडों में डाले गए वोट।

2– नई दिल्ली में शुरू हुआ आदि महोत्सव–राष्ट्रपति ने महोत्सव का किया शुभारंभ।

3– दिल्ली में हुए हादसे के बाद रेलवे ने देशभर के साठ रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्थायी होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई।

4– जशपुर पुलिस ने गांजे का अवैध परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालीस लाख रूपए कीमत का करीब एक क्विंटल गांजा बरामद किया।

त्रिस्तरीय–पंचायत चुनाव

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज पहले चरण में राज्य के तिरपन विकासखंडों में वोट डाले गए। इसके लिए नौ हजार आठ सौ तिहत्तर मतदान केन्द्र बनाए गए थे। मतदान सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक हुआ। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि कुछ मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के मतदान केन्द्र के भीतर होने के कारण तीन बजे के बाद भी वोटिंग जारी रही।

बस्तर संभाग में सुबह छह बजकर पैंतालीस मिनट से दोपहर दो बजे तक वोट डाले गए। स्थानीय सरकार चुनने के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। पंच के सत्ताईस हजार दो सौ दस पद के लिए, सरपंच के तीन हजार छह सौ पांच, जनपद सदस्य के नौ सौ ग्यारह और जिला पंचायत सदस्य के एक सौ उनचास पदों के लिए चुनाव हुआ है। पंचायत चुनाव मतपत्रों के माध्यम से हो रहे हैं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि मतदान केन्द्र में मतगणना भी शुरू हो गई है।

बालोद जिले के डौंडी विकासखंड के धोतिमटोला गांव में चुनाव से पहले तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। पंचायत भवन को दूसरे गांव में स्थापित करने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। नाराज गांव वालों ने मतदान दल को पोलिंग बूथ में जाने से रोकने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने दस से अधिक ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत दूसरे चरण का मतदान बीस फरवरी और तीसरे चरण के तहत मतदान तेईस फरवरी को होगा।

आदि महोत्सव

नई दिल्ली में कल से आदि महोत्सव शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देश में जनजातीय लोगों की परंपराएं और जीवन शैली देश की संस्कृति को समृद्ध करती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में आदिवासी कल्याण के लिए आवंटन राशि में तीन गुना वृद्धि की गई है। आदिवासी समाज का उत्थान होगा तभी देश विकसित होगा। आदि महोत्सव का उद्देश्य भारत के आदिवासी समुदायों की जीवंत संस्कृति, विरासत और आर्थिक क्षमता का उत्सव मनाना और उसे प्रदर्शित करना है।

उद्घाटन समारोह में विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों द्वारा जनजातीय नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इनमें छत्तीसगढ़ का गौर मारिया नृत्य भी शामिल था।

इस महोत्सव में छह सौ से अधिक आदिवासी कारीगर, शिल्पकार और पांच सौ कलाकार भाग ले रहे हैं। महोत्सव में विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के पच्चीस आदिवासी खाद्य स्टाल लगाए गये हैं जो वहां की खाद्य परम्पराओं को प्रदर्शित कर रहे हैं।

आदि महोत्सव का समापन चौबीस फरवरी को होगा।

<u>रेलवे–होल्डिंग एरिया</u>

दिल्ली में हुए हादसे के बाद रेलवे ने देशभर के साठ रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्थायी होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत रेलवे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विशेष मौकों पर भीड़ नियंत्रण के लिए कार्य करेगा। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पीक सीजन के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए लिया गया है।

<u>सीबीएसई–बोर्ड परीक्षा</u>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया में प्रसारित 2025 बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों के लीक होने से संबंधित दावों का खंडन किया है। बोर्ड ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया में पेपर लीक की अफवाह फैला रहे हैं। बोर्ड ने कहा कि ये दावे निराधार हैं और इनका उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों में अनावश्यक डर पैदा करना है। बोर्ड ने कहा कि अधिकारी इसकी सक्रिय निगरानी कर रहे हैं और गलत सूचना फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

बोर्ड ने बताया कि दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं चार अप्रैल तक चलेंगी। बोर्ड ने अभिभावकों से अफवाहों पर विश्वास न करने को कहा है। विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूलों को उचित जानकारी के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीबीएसई डॉट जीओवी डॉट आई एन पर भरोसा करने को कहा है।

<u>गांजा तस्कर–गिरफ्तार</u>

जशपुर पुलिस ने गांजे का अवैध परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चालीस लाख रूपए कीमत का करीब एक क्विंटल गांजा बरामद किया है। जशपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा गांजा तस्करी रोकने के लिए ऑपरेशन आघात चलाया जा रहा है। इसी के तहत यह कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अपने वाहन में फर्जी नंबर प्लेट के साथ ही पुलिस वाहनों में लगाया जाने वाला सायरन भी लगाए हुए था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से फर्जी आधार कार्ड और वाहन की कई फर्जी नंबर प्लेट जब्त की गई हैं। गिरफ्तार आरोपी रायगढ़ जिले के लैलुंगा थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

<u>दुग्ध उत्पादन–पायलट प्रोजेक्ट</u>

प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इससे डेयरी उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता में तैयार पायलट प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार लगभग पांच करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के छह जिलों को शामिल किया गया है और सफल क्रियान्वयन के बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस

स्वामी रामकृष्ण परमहंस की कल अट्ठारह फरवरी को जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन के माध्यम से भक्ति, प्रेम, त्याग और मानवता के उच्च आदर्शों को चरितार्थ किया। उन्होंने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी मानवता के सच्चे उपासक थे। उनके विचारों से प्रेरित होकर स्वामी विवेकानंद ने संपूर्ण विश्व को भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक जीवनमूल्यों का परिचय कराते हुए मानव सेवा का संदेश दिया।

जिला अध्यक्ष/उपाध्यक्ष–गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने बीती रात सड़क को घेरकर जन्मदिन मनाने के मामले में यूथ कांग्रेस रायपुर के जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत दस लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा आधी रात को बीच सड़क पर केक काटकर जमकर आतिशबाजी की गई थी। इस दौरान सड़क पर जाम भी लग गया था। वीडियो के वायरल होने के बाद रायपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुये दस लोगों को पकड़ा है। आतिशबाजी और पार्टी का वीडियो सामने आने के बाद डीडी नगर थाना में प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत और आम रास्ता रोकने के मामले में अपराध दर्ज किया गया है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार हवा की दिशा में परिवर्तन होने से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति अगले दो–तीन दिनों तक बनी रहेगी। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि उन्नीस फरवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभावशील होने की संभावना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>